लाये रंग गुलाल श्याम खेलेंगे होली

आजा मंदिर से बहार आयी भक्तो की टोली,
हम लाये रंग गुलाल श्याम खेलेंगे होली,
श्याम खेलेंगे होली श्याम खेलेंगे होली,
हम लाये रंग गुलाल श्याम खेलेंगे होली.......

नीला पीला लाल गुलाबी रंग अबीर है लाये,
भर पिचकारी करके तैयारी ग्वाल बाल सब आये,
ग्वाल बाल सब आये,
एक दूसरे पे मले गुलाल माथे पे रोली,
हम लाये रंग गुलाल श्याम खेलेंगे होली.......

आयी रंगो की ऋतू है रंगीली,
अजब सी मस्ती छायी,
अजब सी मस्ती छायी.......

आज बना है कोई राधा कोई कृष्णा कन्हाई,
कोई कृष्णा कन्हाई,
तेरे ऐसा चढ़ा है खुमार,
हमने सुध बुध खोली,
हम लाये रंग गुलाल श्याम खेलेंगे होली......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30971/title/laaye-rang-gulal-shyam-khelege-holi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |